"आनंदा" की लॉन्च – आत्मनिर्भर अभिकर्ताओं के लिए नव व्यवसाय डिजिटल अनुप्रयोग

भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपना पहला डिजिटल अनुप्रयोग, "आनंदा", जो संक्षिप्त रूप में आत्मनिर्भर अभिकर्ताओं के लिए नव व्यवसाय डिजिटल अनुप्रयोग है, को 19 नवम्बर 2020, गुरुवार के दिन, शुभारंभ किया । इस अनुप्रयोग को अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम, श्री एम आर कुमार ने, प्रबंध निदेशकगण श्री टी सी सुशील कुमार, श्री मुकेश कुमार गुप्ता, श्री राज कुमार एवं निगम के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए, शुभारंभ किया । यह डिजिटल अनुप्रयोग उस प्रारंभिक प्रक्रिया का एक उपकरण है, जिसके माध्यम से अभिकर्ता/मध्यस्थों की सहायता से, कागज रहित मॉड्यूल के जरिए जीवन बीमा पॉलिसी को प्राप्त किया जाता है । इसे जीवन प्रस्तावित के आधार(Aadhaar) आधारित ई-प्रमाणीकरण का उपयोग कर, कागज रहित केवाईसी प्रक्रिया से, बनाया है।

भारतीय जीवन बीमा उद्योग में "आनंदा" अपनी तरह का पहला ऐसा अनुप्रयोग है, जिसे भारतीय जीवन बीमा निगम ने अपने आंतरिक सूचना प्रौद्योगिकी सक्षम प्रणाली के जरिए विकसित किया है। इस उपकरण को सही समय पर लॉन्च किया गया, ताकि एलआईसी की विपणन दल को मौजूदा चुनौतियों का सामना करने में सक्षम एवं सशक्त बना सकें साथ ही उन्हें उच्च स्तर पर बीमा बेचने के लिए उन्हें प्रेरित किया जा सकें। सामाजिक दूरी सामान्य होने की स्थिति में, भावी ग्राहक, अभिकर्ता/मध्यस्थ से व्यक्तिगत मुलाकात के बिना, अपने घर/कार्यालय बैठे, नवीन जीवन बीमा पॉलिसी की खरीदी की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं, जो एक नवीन अवसर के रूप में उपलब्ध है ।

इस अनुप्रयोग की मुख्य विशेषताओं को चित्रांकित करने वाला तथा जीवन बीमा पॉलिसी की शुरुआत से समापन तक की प्रक्रिया को प्रदर्शित करने वाला एक ई-प्रशिक्षण विडीओ, अभिकर्ताओं के लिए जारी कर इस गतिविधि को उद्दिष्ट बनाया गया है ।

आनंदा की लॉन्च, भारतीय जीवन बीमा निगम के विपणन अधिकारियों और मध्यस्थों के बीच जबरदस्त उत्साह की लहर को पैदा किया है । कागज रहित डिजिटल अनुप्रयोग के तहत पहली जीवन बीमा पॉलिसी अध्यक्ष महोदय के करकमलों द्वारा जारी की गई, जिसके पश्चात निगम के समस्त क्षेत्रों में नवीन पॉलिसियाँ जारी की गईं ।

अध्यक्ष, भारतीय जीवन बीमा निगम ने कहा कि डिजिटल अनुप्रयोगों को विपणन उपकरण के रूप में उपयोग करके विपणन मध्यस्थों के सपने को साकार कर, आनंदा, एक नवीन अध्याय की शुरुआत करेगा।

दिनांक 20 नवंबर, 2020, मुंबई

आगे की जानकारी के लिए संपर्क करें: -

कार्यकारी निदेशक (निगमित संप्रेषण)
भारतीय जीवन बीमा निगम,
केंद्रीय कार्यालय, मुंबई ।
ईमेल आईडी ed_cc@licindia.com
हमें https://www.licindia.in पर संपर्क करें ।